भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

राज्य सभा

लिखित प्रश्न सं. 1101

गुरूवार, 10 फरवरी, 2022/21 माघ, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

तिरूपति में भारतीय पाकशिक्षण संस्थान

1101. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आंध्र प्रदेश के तिरूपति में भारतीय पाकशिक्षण संस्थान (आईसीआई) की स्थापना संबंधित सभी कार्य पूरे किये जा चुके है;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(ग) क्या इस परियोजना, जिसे 100 करोड़ रूपये के अनुमानित व्यय के साथ संक्रल्पित किया गया था, में व्यय निर्धारित लागत से अधिक हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है और, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा भारतीय पाकशिक्षण संस्थान में दाखिला लेने की प्रक्रिया क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): जी हां, महोदय।

(ग) और (घ): जी नहीं महोदय। आईसीआई तिरुपति की स्थापना के लिए वास्तविक व्यय, 97.49 करोड़ रुपए है।

(ड.): शैक्षणिक वर्ष 2016-17 से शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। पाक कला में बीबीए और पाक कला पाठ्यक्रमों में एमबीए में प्रवेश की प्रक्रिया इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय (आईजीएनटीयू) द्वारा आयोजित एक प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होती है, जो आईसीआई के लिए शैक्षणिक भागीदार और डिग्री प्रदान करने वाला प्राधिकरण है। महामारी की स्थिति के कारण वर्ष 2020 और 2021 की प्रवेश परीक्षा यूजीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार आयोजित नहीं की गई थी। यद्यपि, अर्हक योग्यता मानदंडों के आधार पर प्रवेश दिया गया था।

****